वर्ष-12 , अंक-24 प्रयागराज, रविवार 23 जून 2024 से शनिवार 29 जून 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियों का सर्वांगिन विकास होता है. केंद गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखे और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480


डाक पंजीयन नं. AD -99/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

23.06.2024 to 29.06.2024.pmd 1 6/22/2024, 5:39 PM




# आईपीएस तरुण गाबा बने पुलिस आयुक्त प्रयागराज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** तरुण गाबा 2001 बैच के आईपीएस अफसर हैं। अगस्त, 2020 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद घ्हए गाबा आईजी विजिलेंस बने थे। बाद में योगी सरकार ने उन्हें गृह सचिव नियुक्त किया। वे सीबीआई में भी रहे हैं।



## माफिया अतीक का गुर्गा खान सौलत हनीफ भी बना हिस्ट्रीशीटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी और माफिया अतीक अहमद सहित उसके गिरोह के लोगों के मुकदमो की कोर्ट में पैरवी करने वाले खान सौलत हनीफ को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया है। वह नैनी केंद्रीय कारागार में बंद है।

# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग प्रमुख सहायक






**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** विश्व योगा दिवस के अवसर पर अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में दो दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का समापन योग दिवस शुक्रवार को बी ब्लॉक स्थित पार्क में सम्पनन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल स्मृतिशेष केशरी नाथ त्रिपाठी की पुत्रवधू कविता त्रिपाठी उपस्थित रही। वहीं कुशल योग प्रशिक्षिका सुनीता जायसवाल, सुषमा विश्वकर्मा एवं शेफाली केसरवानी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में पुरुष एवं महिला सदस्यों की सामूहिक सहभागिता रही। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मीना जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कविता त्रिपाठी का कहना था कि शरीर निरोग रखने के लिए योग प्रमुख सहायक है हमे इसे दिनचर्या मे शामिल करना श्रेयश्कर होगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, कोषाध्यक्ष अनिल द्विवेदी, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री अंजुम नाज, मीडिया प्रभारी आशुतोष मिश्र, ब्लॉक संयोजक गंगा ठाकुर, विजय राठौड़, विकास दुबे, आलोक सिंह , रुबी पाण्डेय, मधू शर्मा, पूनम चौरसिया, नमिता त्रिपाठी, राजकुमारी सिंह, आशा सिंह, गुन्जा केसरवानी, रीता श्रीवास्तव, दीप्ति सक्सेना, सपना सिंह, निधि यादव आदि की सक्रिय सहभागिता रही। अन्त में समिति की उपाध्यक्षा बिन्दु राठौड़ ने प्रतिभागियों को स्वादिष्ट जलपान कराने के साथ सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बनेंगे हेरिटेज होम स्टे और वेलनेस रिसॉर्ट, राजमार्गी से लगे होटल, रेस्टोरेंट बनाए जाएंगे स्मार्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ को भव्य-नव्य और दिव्य बनाने के लिए आतिथ्य सत्कार से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाने की तैयारी है। इसके लिए महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुख्य मार्गी पर बेहतर सुविधाएं देने के लिए ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को नया स्वरूप दिया जा रहा है। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में छह माह बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ के जरिये सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाने की योजना है। इसके लिए राजमार्गी से जुड़े होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट स्मार्ट बनाए जाएंगे। ऐसे होटल-रेस्टोरेंट को सरकार नया स्वरूप देने में जुट गई है महाकुंभ को भव्य-नव्य और दिव्य बनाने के लिए आतिथ्य सत्कार से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाने की तैयारी है। इसके लिए महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुख्य मार्गी पर बेहतर सुविधाएं देने के लिए ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को नया स्वरूप दिया जा रहा है। महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव हो, इसके लिए प्रमुख ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को स्मार्ट बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए अब तक 75 होटल उद्यमियों का चयन किया गया है। इनमें प्रयागराज-लखनऊ, कानपुर- प्रयागराज, रीवा -प्रयागराज, चित्रकूट -प्रयागराज, मिर्जापुर-प्रयागराज और वाराणसी-प्रयागराज में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल शामिल हैं। इनमें बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। ऐसे में इनमें किचन, सिटिंग एरिया और पार्किंग स्थल को नया स्वरूप दिया जाएगा।



# योगमय हुई संगमनगरी, थल से जल तक हर तरफ योगाभ्यास, निरोगी जीवन का दिया संदेश

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संगमनगरी में पांच सौ से अधिक स्थानों पर योगशालाएं आयोजित की गईं। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के साथ ही व्यापारिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से देश और दुनिया को निरोग जीवन का संदेश देने का प्रयास किया गया। भोर में पौ फटते ही योग, व्यायाम और प्रणायाम के चलते पूरा जनपद योगमय हो गया। संगम के तट से लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, गंगा और यमुना के तट सहित चंद्रशेखर आजाद पार्क, एनसीआर रेलवे, राज्य विश्वविद्यालय, एजी आफिस, बोट क्लब, क्रिया योग आश्रम झूंसी आदि स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आईटीबीपी, सीआरपीएफ और आरएएफ की ओर से भी योगाभ्यास का आयोजन कैंप में किया गया।स्काउट गाइट इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी योगाभ्यास किया। उन्होंने योग के महत्व पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रशासन और आयुष विभाग की ओर से मुख्य आयोजन भारत स्काउट एंड गाइड कॉलेज परिसर में सुबह छह बजे किया गया। उप



मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि इसमें शामिल हुए। तहसील, ब्लॉक मुख्यालयों तथा पंचायतों में भी योग कराया गया। विभिनन्न संस्थाओं की ओर से भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया। चकिया कर्बला स्थित नंद गार्डेन में पूर्व सैनिक, पेंशनर्स, वरिष्ठ नागरिकों के अलावा सामाजिक संगठनों के लोगों ने योग किया। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। महिला पतंजलि योग समिति की ओर से मम्फोर्डगंज स्थित शिवाजी पार्क में योग शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रो. रंजना वाजपेयी मौजूद रहीं। पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी शशि आर्या और जिला प्रभारी शुभम सिंह, सदर प्रभारी सुनीता तिवारी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह आजाद पार्क के अलावा संगम नोज पर भी शिविर लगाया गया। बोट क्लब पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का भी सहयोग रहा। सुबह साढ़े छह बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स के अलावा एसबीआई के तमाम अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। यहां पर तबला वादन और बांसुरी वादन का भी आयोजन किया गया। सुरम्य वातावरण में करीब 40 मिनट तक योग और प्रणायाम के विभिनन्आसनों का अभ्यास प्रशिक्षक ने कराया।प्रयागराज। विश्व योग दिवस पर शुक्रवार को अमर उजाला की ओर से क्रिया योग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी में अंतरराष्ट्रीय योगशाला आयोजित की गई। सुबह 8:30 बजे से इस योग उत्सव में योगगुरु स्वामी योगी सत्यम क्रिया योग ने योग का अभ्यास कराया। इस योग उत्सव से यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम के जरिये 132 देशों के लोग सीधे जुड़े। योगी सत्यम ने कहा कि शारीरिक विकारों से बचने के लिए योग क्रियाओं का अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने प्राचीन और पौराणिक वट वृक्ष के नीचे आश्रम से जुड़े साधकों को योगाभ्यास कराया।











# देश/विदेश





मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार गठन के बाद भारत आने वाली पहली विदेशी अतिथि बनीं शेख हसीना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ



द्विपक्षीय वार्ता की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि 2019 से दोनों नेताओं के बीच 10 बार मुलाकात हो चुकी है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को दो दिवसीय भारत के दौरे पर नई दिल्ली पहुंचीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गर्मजोशी ने उनका स्वागत किया। पिछले पांच साल में शेख हसीना और पीएम मोदी के बीच 10 बार मुलाकात हो चुकी है। तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद यह शेख हसीना का पहला द्विपक्षीय दौरा है। मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद भारत की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आईं शेख हसीना पहली विदेशी अतिथि हैं। उनका शनिवार सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया।

### कौन है भारतवंशी हिंदुजा परिवार जिसके सदस्यों को स्विटजरलैंड में सुनाई गई सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के सबसे धनी भारतीय मूल के अरबपति हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को शुक्रवार को स्विटजरलैंड के जिनेवा में अपने आलीशान विला में कम वेतन वाले नौकरों का शोषण करने के आरोप में दोषी ठहराया गया। भारतीय मूल के अरबपति हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को शुक्रवार को स्विटजरलैंड के जिनेवा में अपने आलीशान विला में कम वेतन वाले नौकरों का शोषण करने के आरोप में दोषी ठहराया गया। हिंदुजा परिवार ने कहा है कि वे स्विस कोर्ट द्वारा कुछ सदस्यों के लिए जेल की सजा के फैसले से स्तब्ध हैं और उन्होंने उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। हिंदुजा परिवार के प्रकाश हिंदुजा (78) और कमल हिंदुजा (75) जो खराब स्वास्थ्य के कारण मुकदमे में शामिल नहीं हुए, उन्हें प्रत्येक को साढ़े चार साल की सजा सुनाई गई। हालांकि, हिंदुजा परिवार ने कहा है कि वे स्विस कोर्ट द्वारा कुछ सदस्यों के लिए जेल की सजा के फैसले से 'स्तब्ध' हैं और उन्होंने उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, जिसमें उन्हें जिनेवा में अपने विला में भारत से आए कमजोर घरेलू कामगारों का शोषण करने का दोषी पाया गया है।

## जेएम फ्लोरेंस में योगा दिवस मनाया गया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नोएडा एक्सटेंशन की सोसाइटी जेएम फ्लोरेंस में योगा दिवस मनाया गया। पूरी सोसायटी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आनंद के साथ योग किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से इस संघ के नगर सोसायटी प्रमुख नारायण गुप्ता ,पायल लूथरा, ममता ,सावित्री ,प्रणब , रमेश , नरेंद्र पवार ,यतेंद्र , रोहित श्रीवास्तव , नवल किशोर आदि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंगरौरा के शास्त्री जी छतेश्वर प्रसाद शुक्ला ( पप्पू महाराज )साइबर ठगी के शिकार हुए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** घटना मैहर देहात क्षेत्र मगरौरा की है। अचानक 14 जून को एक



कॉल आया जिसमें शास्त्री जी के बेटे को बीमारी का बहाना लगाकर ठग लिया 30000 रुपए अचानक कॉल आया बोलने लगा आपके बेटे की तबीयत खराब है और वह आईसीयू में भर्ती है आप तुरंत पैसा भेजिए तो डॉक्टर की फीस दिया जाए और आपके बेटे की जान बचाई जाए। दुर्भाग्य से शास्त्री जी के बेटे जोकि इंडियन आर्मी में पदस्थ हैं।अपना फोन घर में रखकर ड्यूटी पर चले गए थे। घर के लोग और रिश्तेदार लोग भी कॉल कर रहे थे जब फोन रिसीव नहीं हुआ तो इन सब लोगों को शंका हुई और उसके भेजे गए अकाउंट नंबर पर इन्होंने 30000 रुपए ट्रांसफर कर दिया। बाद में पता चला कि साइबर ठगी का शिकार हो गए।

# खण्डविकास करमा में खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**करमा-सोनभद्र।** स्थानीय विकास खण्ड के सभागार में शुक्रवार को खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य कृषकों को नवीनतम कृषि




तकनीकी और उसके लाभों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम सुरेंद्र यादव सहायक कृषि अधिकारी द्वारा खरीफ बीज व कीटनाशक उर्वरक इत्यादि की विशेषता, गुडवत्ता, क्रमश विभागीय छूट की जानकारी देते हुये बताया कि कई प्रकार के कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की बृहत जनकरी दी एवम समस्त उपस्थित किसानो का स्वागत व अभिनदंन किया। इसके पश्चात वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी के सिंह केवीके सोनभद्र धान, टमाटर, मिर्ची इत्यादि की नर्सरी के समय किसानों द्वारा जो लापरवाही की जाती है जिसकी वजह से फसल में अनेकों रोगग्रसित हो जाती है। कृषकों को जागरूक करते हुये बताया कि फसल की नर्सरी के समय यदि सावधानी व्रती जाये, तो फसल कई गंभीर बीमारियों से निजात मिलने के अलावा फसल भी अच्छी तैयार की जा सकती है। और किस रोग में कौन सी उर्वरक और रसायनों का उपयोग करना चाहिये कहा नहीं करना चाहिये इसकी वृहत जानकारी दी गई। इसके बाद ई. प्रकाश पाण्डेय जिला मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा व सीईओ यूनिवर्सल सोनांचळ फार्मर एसोसिएशन द्वारा किसानों की विभिन्न समस्यावो के बारे में चर्चा करते हुये किसानों से अपील किया कि नर्सरी से पहले यदि किसान सावधानीवर्ते और सही उपचार करें तो अच्छी फसल तैयार होगी और किसान की आय बढ़ेगी, किसानों से रोजगार परक खेती करने की अपील किया। रसायन से प्राकृतिक खेती करने के लिये किसानों से अपील किया व बताया कि यू.एस.एफ.ए एफपीओ किसानों को प्राकृतिक खेती करने में हर सम्भव मदद करेगा। गोपाल सिंह वैद्य विधानसभा प्रभारी घोरावल भाजपा किसान मोर्चा व प्रबंध निर्देशक यू.एस.एफ.ए एफपीओ द्वारा सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान पर वृहद चर्चा किये। और बताया गया कि किसानों को सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से कृषि यंत्रों पर अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। कस्टम हायरिंग पर 40ज्ञ् तक का अनुदान प्राप्त कर सकते है। तथा डॉ आनंद कुमार पशुचिकित्सक करमा (पशुपालन विभाग) द्वारा बताया गया कि पशुओं का बीमा व पशुपालन की अन्य योजनवो के बारे बृहद जानकारी दिया गया। किसान मेले का समापन गोष्ठी में आये ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामआधार कोल द्वारा बताया गया कि करमा विकास खंड में निर्माणाधीन अतिरिक्तकक्ष कृषि विभाग के बीज व कीटनाशक वितरण कक्ष के रूप में उपयोग किया जायेगा व जल ही जीवन के स्लोगन को दोहराते हुये किसानों से अपील किया कि हमे ही पानी बचाना होगा, बरसात का पानी हम सभी को मिल कर बचाना होगा। गोष्ठी में प्रमुख रूप से अजित कुमार खण्डविकास अधिकारी करमा, राजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा व प्रबंधक यू.एस.एफ.ए एफपीओ , कृषि विभाग से आशीष सिंह, काजल देवी, रामेश्वर सिंह, गंतव्य मौर्य व सेकड़ो किसान इत्यादि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में जनपद



के व्यापारी बन्धुओं/बैंक मित्रों के साथ की गयी बैठक, सुझाव लेकर विचार-विमर्श किया गया । वहा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ उनकी सुरक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग अनिवार्य रुप से करने हेतु बताया गया । साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी व उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा उनको सुरक्षा के सम्बंध मे पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया । इस मौके पर जनपद के व्यापारीगण/पेट्रोल पम्प मालिक/सर्राफा व्यापारी/बैंक मित्र मौजूद रहे ।

## योग के साथ पर्यावरण पर भी दे जोर:मंत्री रविन्द्र जयसवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय



विशिष्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम तियरा सोनभद्र में आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के तत्वाधान में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बृहद आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रविन्द्र जयसवाल राज्यसभा सांसद राम सकल, जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता , ब्लाक प्रमुख अजीत रावत , जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह , मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सोनभद्र राजेश कुमार यादव आदि जिले के अधिकारीगण संग जिले के आयुष विभाग के कर्मचारी एवं आयुष योग प्रशिक्षक भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। माननीयों ने वृक्ष लगाकर सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 4200 लोगों ने प्रतिभाग किया।

## युवा शक्ति ने योग दिवस पर ठप्लास्टिक को कहे नठ कार्यक्रम के माध्यम से दिया जनसंदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामाजिक संस्था युवा शक्ति - वाईएसएस फाउंडेशन ने योग के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में भी बताया। उन्होंने लोगों को कपड़े के थैले, कांच की बोतलें और स्टील के बर्तन जैसे प्लास्टिक के हमें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी आदतों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी



दिवस के अवसर पर ठप्लास्टिक को कहे नठ कार्यक्रम का जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में, बी मिलिट्रीफिट के सदस्यों ने योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। युवा शक्ति ने लोगों को प्लास्टिक विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में नोफा के अध्यक्ष राजीवा लोचन एवं महासचिव राजेश सहाय मुख्य रूप में शामिल हुए उन्होंने युवा शक्ति के प्रयासों की सराहना की और लोगों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि, ठप्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या है जिससे हमें मिलकर निपटना होगा। संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने युवा शक्ति की पहल का समर्थन किया और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प लिया। उम्मीद है कि यह कार्यक्रम लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के बारे में जागरूक करने और उन्हें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करने में सफल होगा।

## पानी के विवाद में बालक के साथ आधे दर्जन घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिषद में शुक्रवार को ओबरा थाना क्षेत्र के भरवा टोला के पीडि़त दर्जनों घायल व्यक्तियों ने दबंग खिलाफ विरुद्ध प्रदर्शन करते




हुए डीएम नापित ज्ञापन संबंधित को देखकर मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। वही पीड़ित करन, राजू, ओमप्रकाश, रोहित ,सोनू कुमार, कारण,कुंदन कुमार ने बताया कि 7 वर्षीय मेरा भांजा संदीप कुमार सरकारी नल पर गुरुवार को पानी भरने गया तभी कुछ दबंग लाठी डंडा राड लेकर आए और गारी देने लगे वहीं यह देख हम परिजन मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करना चाहे तभी उनके द्वारा गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से बुरी तरह मारा पीटा गया जिसमें हम सभी लोगो को काफी चोटें आई वहीं थाने पर दबंगो द्वारा दबाव बनवा कर मामले में विभिन्न धाराओं को बदलवा दिया गया और हम लोगों की सुनवाई नहीं हुई पीडि़तों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस तरफ करते हुए मामले की उच्च स्थिति जांच करा कर दबंगो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

## बीएचयू सीएचएस में छात्र आलोक कुमार, रुद्राक्ष त्रिपाठी व अंजली सोनकर ने परीक्षा में किया उत्तीर्ण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को माँ वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल का उ?द्देश्य हमेशा से ही विद्यार्थियों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना और उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करना रहा


आलोक कुमार


रुद्राक्ष त्रिपाठी


अंजली सोनकर

है। माँ वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल, रॉबर्टसगंज सोनभद्र के छात्रों ने इस वर्ष की बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (ँप्ळ) केन्द्रीय हिन्दू स्कूल (ण्ण्ए) परीक्षा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक, रमा शंकर दुबे ने भी छात्रों को बधाई दी और कहा, ठछात्रों की इस सफलता ने पूरे विद्यालय परिवार को गर्वित किया है। इस प्रकार की उपलब्धियाँ हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें और भी अधिक मेहनत और समर्पण के साथ उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित करती हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य, सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने गर्वित होते हुए कहा, ठछात्रों की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। इस उपलब्धि ने हमारे विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। स्कूल के छात्रों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे विद्यालय के समर्पित शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने उन्हे सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आईएमएस में योग से निरोग कार्यक्रम का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा ने योग शिविर का आयोजन हुआ। साथ स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है। योग एक ऐसा माध्यम है जिनसे इन दोनो ही जरूरतों की पूरा किया जा सकता है। संस्थान द्वारा ने प्राणायाम एवं हल्के व्यायाम के साथ योग शिविर को समाप्त करते हुए कहा कि प्रत्येक आसन और मुद्रा को करने की कुछ आवश्यक नियम



शुक्रवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर प्रशिक्षण योग गुरु रेणुबाला सिंह एवं सीमा गुसाई ने छात्रों को योग, ध्यान, व्यायाम एवं प्राणायाम कराएं। वहीं योग शिविर के दौरान संस्थान के स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। योग दिवस पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को बधाई देते हुए संस्थान की महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिए स्वस्थ शरीर के साथ- आयोजित योग शिविर का शुरुआत योग गुरु सीमा गुसाई ऊँ की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र से कराया। उन्होंने कहा कि इंसान को जीवन जीने के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है। हम योग के माध्यम से अपनी चिंताओं से दूर होकर आध्यात्मिक सशक्तिकरण का आरंभ करते हैं। आध्यात्मिक जागृति हमें व्यर्थ और नकारात्मक भावों से दूर कर सकारात्मक विचारों की शक्ति देता है। वहीं योग गुरु रेणुबाला सिंह हैं। आप चाहे तो अपने घर के बालकनी में आवश्यक नियम का पालन करते हुए योग कर सकते हैं। योग हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ हमें स्फूर्ति प्रदान करता है। वहीं आज सामुदायिक रेडियों सलाम नमस्ते के द्वारा योग से निरोग कैंपेन एवं योग आउटरीच कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन पांच जुलाई तक किया जाएगा।

### डी ए वी पब्लिक स्कूल खडि़या में आज दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर/ सोनभद्र।** वेडी ए वी पब्लिक स्कूल खडि़या में आज दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया त् कार्यक्रम की प्रेरणा स्रोत प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने अपने संदेश मे बताया कि योग भारत की अमूल्य एवं भव्य विरासत की पहचान है त् वैश्विक पटल पर योग ने देश को सम्मान दिलाया है त् योग शरीर, मन एवं परमात्मा को एकजुट बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है त् साथ ही साथ उन्होंने इस बात का भी संदेश दिया कि योग ही ऐसा माध्यम है जो सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति भी दिलाता है त् तदुपरांत कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं एवं सभी शिक्षक - शिक्षकाओ ने पी ई टी आर डी प्रसाद, निखिल दत्ता एवं अल्पना शर्मा के दिशा निर्देशन में सर्वप्रथम गायत्री मंत्र तथा ध्यान अवस्था एवं ओम ध्वनि उच्चारण के साथ-साथ खड़े होने, बैठने एवं लेटने की अवस्था के आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पद्मासन, सुखासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुरासन, एवं पवनमुक्त आसन का क्रमानुसार अभ्यास किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में मनाया गया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2024 की थीम स्वयं और समाज के लिए योगङ्ग बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में योग प्रशिक्षक



श्री राजीव कुमार द्वारा सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया एवं योग-स्वास्थ संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली) ने अपने उद्बोधन में सभी को योग करने की सलाह दी तथा अपनी दिनचर्या में योग को महत्व देने को कहा, ताकि सभी स्वस्थ, प्रसनन्न मन, मस्तिष्क व बुद्धि के साथ जीवन जी सकें। परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि योग से ही भारत स्वस्थ बनेगा तथा स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण हो सकेगा। डॉ. अंबेडकर भवन में जीवन को सुखद एवं सरल बनाने के लिए योग प्रशिक्षक श्री राजीव कुमार ने सर्वांग आसन, भुजंगासन, ताड़ासन, हलासन, वज्रासन, नौकासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, शवासन जैसे विभिन्न आसन कराए तथा प्राणायाम के आयाम सिखाए। उपस्थित लोगों ने भी अपने जीवन में योग को अपनाने तथा सामाजिक स्तर पर योग की उपयोगिता से सभी को अवगत कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के श्री राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख,एनटीपीसी सिंगरौली), श्री एल के बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), यूनियन एवं एसोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, बच्चो आदि उपस्थित रहें।

## व्यस्तम जीवन शैली में मानसिक शांति, शकुन के लिए योग आवश्यक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा ( सोनभद्र)।** दसवे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेणुसागर प्रेक्षागृह में 'स्वयं और समाज के लिए योग' के थीम पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह व वरिष्ठ अधिकारियो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यस्तम जीवन शैली में मानसिक शांति, शकुन पाने व तनाव दूर करने के लिए योग करना आवश्यक है।योग वह औषधि है जो किसी भी असाद्य बीमारी को ठीक करने की शक्ति रखता है, योग न केवल दिमाग व मस्तिष्क को ताकत देता है बल्कि मन को भी शुद्ध रखता है। आज पूरी दुनिया योग की दीवानी हो रही है। उन्होने उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि योग को दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ व निरोग रहें। इसी क्रम में इ आर हेड मृदुल भरद्वाज ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक जीवन में योग को शामिल करना सबसे स्वास्थप्रद अभ्यासों में एक है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला





दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' ने एक दिन की अर्निंग का किया खुलासा, कमाई सुन उड़े घरवालों के होश

## 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा की शादी नहीं, बल्कि होगा ये फंक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**



**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा का घर सज चुका है। एक्ट्रेस के हाथों में जहीर इकबाल के नाम की मेहंदी भी लग चुकी है। जैसे-जैसे दिन करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे इनके फंक्शन से जुड़ी हर एक जानकारी के लिए फैंस बेताबी दिखा रहे हैं। पिछले दिनों खबर थी कि सोनाक्षी का परिवार इस शादी से खुश नहीं है। वह शामिल भी नहीं होंगे। अब शत्रुघन सिन्हा ने अटकलों पर पूर्णविराम लगाते हुए एक अपडेट दी है। जूनियर शॉटगन के नाम से फेमस सोनाक्षी सिन्हा जहीर इकबाल के साथ अपनी निकाह को लेकर चर्चा में बनी हैं। सोनाक्षी और जहीर लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। वहीं जब से एक्ट्रेस की शादी की खबर सामने आई उनकी फैमिली को लेकर भी तमाम तरह की बातें होने लगीं। अब शत्रुघन सिन्हा ने बेटी के वेडिंग फंक्शन से जुड़ा एक अपडेट दिया है। सोनाक्षी सिन्हा का बंगला 'रामायण' दुल्हन की तरह सज चुका है। इससे पहले एक्ट्रेस की फैमिली में उनके जहीर से शादी के फैसले को लेकर अनबन की कुछ खबरें सामने आ रही थीं। अब शत्रुघन सिन्हा ने कन्फर्म किया है कि उनके परिवार में कुछ तनाव था। लेकिन अब सब कुछ ठीक है और किसी तरह की टेंशन नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ये भी कन्फर्म किया कि 23 जून सोनाक्षी की वेडिंग डेट नहीं है। सोनाक्षी और जहीर को लेकर ऐसी खबर है कि कपल रजिस्टर्ड मैरिज करेगा। न्यूज 18 की स्टोरी के अनुसार, शत्रुघन ने बताया कि शादी को लेकर उनके परिवार से किसी ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, ''ये प्राइवेट फैमिली मैटर है और इन चीजों को जरूरत से ज्यादा अटेंशन मिल रही है।'' एक्टर ने ये भी कन्फर्म किया कि 23 जून को शादी नहीं, रिसेप्शन है। शत्रुघन सिन्हा ने कहा, '' शादी के रिसेप्शन में हम सभी 23 जून को शामिल होंगे। हम लोग बहुत मजे करेंगे 23 जून को। सोनाक्षी सिन्हा की शादी को लेकर परिवार में अनबन पर शत्रुघन सिन्हा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, ''ये किसकी जिंदगी है? ये सिर्फ मेरी इकलौती बेटी की जिंदगी है, जिस पर मुझे गर्व है। वो मुझे अपनी ताकत मानती है।''




## कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैम्पियन के दीवाने हुए करण जौहर, एक्टर की तारीफ में कह दी ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 'चंदू चैम्पियन' को रिलीज हुए एक हफ्ते से ज्यादा का समय हो गया है। इस मूवी में कार्तिक आर्यन के अभिनय को क्रिटिक्स और दर्शकों के साथ-साथ कई सेलेब्स ने भी काफी पसंद किया। शबाना आजमी, जावेद अख्तर ने दिल खोलकर इस मूवी और एक्टर की तारीफ की। अब निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने भी यह मूवी देख ली है और इस पर अपना रिव्यू शेयर किया है। कार्तिक आर्यन स्टारर मूवी 'चंदू चैम्पियन' मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है। इस मूवी के लिए कार्तिक आर्यन ने काफी मेहनत की है। अब करण ने उनकी यह मूवी देख ली है और इस पर अपना रिएक्शन देने से खुद को रोक नहीं पाए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही एक नोट भी लिखा है। करण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि कबीर खान ने इस ब्रेव और इंस्पायरिंग लाइफ की कहानी का निर्देशन ह्यूमन स्पिरिट के लिए एक लव लेटर की किया है। वहीं, उन्होंने कार्तिक की तारीफ करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस दी है। इस मूवी को जरूर देखें। 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुए इस मूवी ने सिनेमाघरों में 8 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्मों को लोगों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में अभी तक इस मूवी ने 40.44 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अब ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि यह मूवी इस वीकेंड में 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। इस मूवी में कार्तिक आर्यन के अलावा विजय राज, यशपाल शर्मा, भुवन अरोड़ा समेत कई स्टार्स नजर आए हैं। कार्तिक आर्यन की मूवी चंदू चैम्पियन सिनेमाघरों में लगी हुई है। दर्शकों को उनकी यह मूवी काफी पसंद आ रही है। रिलीज के 8 दिनों में ही इस मूवी ने अच्छी कमाई कर ली है। इस मूवी को देखने के बाद कई सेलेब्स ने एक्टर के अभिनय की तारीफ की। अब इस लिस्ट में निर्माता-निर्देशक करण जौहर का नाम भी शामिल हो गया है।

## जब कुत्ते के काटने से बिगड़ गया था सना मकबूल का चेहरा, डिप्रेशन में चली गई थी एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी का 21 जून को ग्रैंड प्रीमियर हो चुका है। शो में अनिल कपूर ने सलमान को गेस्ट के तौर पर रिप्लेस किया है। इस बार शो की थीम फेयरीटेल है और 16 कंटेस्टेंट्स ने इसमें हिस्सा लिया है। ये सभी अलग-अलग बैकग्राउंड से हैं जिसमें सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, टेलीविजन, स्पोर्ट्स और जर्नलिज्म के लोग शामिल हैं। सना मकबूल बिग बॉस ओटीटी के घर में पहुंच चुकी हैं। वहीं कंट्रोवर्सी का दौर भी शुरू हो चुका है। शो में सना ने अपनी लाइफ से जुड़ा एक ऐसा हादसा शेयर किया जोकि काफी दर्दनाक था और इसने उनके चेहरे को भी बिगाड़ कर रख दिया। सना इससे पहले साल 2021 में खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा ले चुकी हैं। वहीं टीवी के सबसे विवादित शो कहे जाने वाले इस शो में पहले दिन से ही कंट्रोवर्सीज शुरू हो गई हैं। ँब् 1 पर सना मकबूल और पौलोमी दास किचन एरिया में बातचीत कर रहे होते हैं। इस दौरान पौलोमी सना से पूछती हैं कि उनके होंठ पर ये निशान कैसा है। इस बारे में बात करते हुए सना कहती हैं कि उन्हें एक कुत्ते ने उनके चेहरे पर काट लिया था जिसकी वजह से ये निशान पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उनका चेहरा ही उनके लिए ब्रेड एंड बटर है यानी कमाई का जरिए है और कुत्ते




के काटने की वजह से उन्हें एक बड़ी सर्जरी करवानी पड़ी। इस घटना की वजह से वो काफी समय के लिए डिप्रेशन में भी थीं। बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब एक्ट्रेस ने इस बात पर चर्चा की है। इससे पहले भी खतरों के खिलाड़ी में जाने से पहले उन्होंने एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने बताया था कि साल 2020 में उनके चेहरे खासकर होंठ पर कुत्ते ने काट लिया था जिसकी वजह से उनकी स्किन फट गई थी। इसके बाद उन्हें प्लास्टिक सर्जरी और ग्राफ्टिंग करवानी पड़ी थी। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित, रणवीर शौरी, शिवानी कुमारी, सना मकबूल, विशाल पांडे, लवकेश कटारिया,दीपक चौरसिया, साई केतन राव, मुनीष खटवानी, सना सुल्तान खान, अरमान मलिक, पायल मलिक, कृतिका मलिक, नीरज गोयत और पौलोमी दास बिग बॉस के फाइनल कंटेस्टेंट्स में से एक हैं।

## दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' ने एक दिन की अर्निंग का किया खुलासा, कमाई सुन उड़े घरवालों के होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में इस सीजन के लिए कंटेस्टेंट्स का आगमन हो चुका है। अनिल कपूर ने सभी अपने वड़ा पाव के लिए फेमस चंद्रिका गेरा दीक्षित भी अपनी पर्सनालिटी दिखाने के लिए शो में आ चुकी हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' में दिल्ली की कर लोगों के होश उड़ा दिए हैं। चंद्रिका लंबे समय से दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में वड़ा पाव की रेहड़ी लगाए हुई थीं। बाद में उन्होंने अपनी दुकान खोल ली।




का मजेदार अंदाज में स्वागत किया। बिग बॉस ओटीटी 3 में इन्फ्लुएंसर विशाल पांडे से लेकर टैरो कार्ड रीडर मुनिषा खटवानी तक ने दस्तक दी हैं। इस सीजन के तमाम कंटेस्टेंट्स में एक कंटेस्टेंट ऐसा भी है, जिसके गेम प्लान पर सबकी नजर है। बिग बॉस ओटीटी 3 की शुरुआत हो चुकी है। होस्ट अनिल कपूर ने हर एक का अनोखे स्टाइल में स्वागत किया। इस बार के सीजन में दो बीवियों वाले अरमान मलिक ने एंट्री ली है तो मशहूर 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका गेरा दीक्षित ने भी एंट्री ली है। इस शो के साथ ही उन्होंने ओटीटी वर्ल्ड में डेब्यू भी किया है। उनके आने की जानकारी होते ही सोशल मीडिया पर कई लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। फैंस ने सवाल किए कि उन्होंने अब तक ऐसा क्या किया है कि उन्हें शो पर बुलाया गया। चंद्रिका अपनी जर्नी से लोगों के दिलों में जगह बना पाती हैं या नहीं, यह तो बाद की बात है। फिलहाल उन्होंने अपनी पर डे अर्निंग का खुलासा अब घर के अंदर आते ही उन्होंने बताया कि एक दिन में वह 40 हजार तक की कमाई कर लेती हैं। इससे पहले पिंकविला को दिए इंटरव्यू में चंद्रिका ने बताया था कि लोग उन्हें अक्सर रूड समझते हैं। बिग बॉस में आने का यही मकसद है कि वह सबको अपनी पर्सनालिटी से रुबरू करा सकें। वह दिखाना चाहती है कि उनमें और भी इमोशन्स हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने मुझे गुस्सा करते देखा है, लेकिन वो ये नहीं जानते कि गुस्से का कारण क्या है।

## बॉस ओटीटा3 के प्रीमियर में आते ही इमोशनल हुए साई केतन राव, बताया- दोस्त और गेम में किसका करेंगे चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दर्शकों का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन लंबे समय के बाद 21 जून को ऑन एयर हो गया है। शो के ग्रैंड प्रीमियर में होस्ट अनिल कपूर का जलवा देखने को मिला। उन्होंने एक-एक करके इसमें शामिल होने वाले कंटेस्टेंट को स्टेज पर बुलाया और दर्शकों से उन्हें इंट्रोड्यूस करवाया। बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन का शानदार तरीके के साथ आगाज हो गया है। 21 जून को इस शो का ग्रैंड प्रीमियर हुआ जिसमें कंटेस्टेंट ने एक-एक करके बिग बॉस के घर में एंट्री ली। इस दौरान होस्ट अनिल कपूर ने उनसे कई सवाल भी किए जब उन्होंने साई केतन राव से बात की तो वह काफी इमोशनल हो गए। बिग बॉस ओटीटी 3 में शामिल होने वाले कई चेहरे जाने पहचाने हैं। इन्हीं में से एक हैं टीवी एक्टर साई केतन राव। साई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें देखने को मिल रहा है कि वह ग्रैंड प्रीमियर के दौरान होस्ट से बात करते हुए इमोशनल हो गए। ट्विटर हैंडल एक्स पर बिग बॉस के एक फैन पेज ने साई केतन राव का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि वह अनिल कपूर से बात करते हुए भावुक हो जाते हैं। साई को कहते हुए सुना जा सकता है कि मेरी लाइफ में कभी कोई फादर फिगर था ही नहीं। मेरी मां ने मुझे सपोर्ट किया, मैं उन्हें शुक्रिया कहता हूं। इसके आगे साई ने कहा कि वह अपनी मां से काफी प्रभावित भी हैं बिग बॉस के घर में अक्सर देखने को मिलता है कि इसमें आए हुए कंटेस्टेंट के बीच कई बार गहरी दोस्ती हो जाती है। वहीं, कई बार गेम की वजह से कुछ दोस्तियां टूट भी जाती हैं। ऐसे में जब अनिल कपूर ने उनसे पूछा की वह दोस्त और गेम में से किसे चुनेंगे, तो एक्टर ने कहा कि आपने काफी मुश्किल सवाल पूछा है। साई कहते हैं कि मेरे लिए दोस्ती और गेम दोनों ही बहुत जरुरी हैं। जिस इंसान के साथ मेरी दोस्ती है तो मैं देखूंगा कि वो किस हद तक सही है, अगर वो मोरली सही नहीं है, तो मैं गेम की तरफ आगे बढ़ जाऊंगा।




## रास्ता साफ होते ही मेकर्स ने नहीं गंवाया पल भर भी समय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान पिछले काफी समय से अपनी फिल्म 'महराज' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। पी सिद्धार्थ मल्होत्रा के निर्देशन में बनी ये फिल्म पहले 14 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रिलीज से पहले ही फिल्म विवादों से घिर गयी थी। गुजरात हाई कोर्ट ने 'महाराज' की रिलीज से ठीक एक दिन पहले बढ़ते विवाद को देखते हुए इस फिल्म की ओटीटी रिलीज पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी थी। हालांकि, अब गुजरात उच्च न्यायालय ने एक हफ्ते बाद 'महाराज' के मेकर्स को राहत की सांस दी और इस फिल्म की रिलीज का रास्ता क्लियर कर दिया। जैसे ही कोर्ट का फैसला आया, यशराज ने भी बिना समय वेस्ट किए इस फिल्म को रिलीज कर दिया।

## ओटीटी सीजन 3 में पहुंचे एल्विश यादव के जिगरी यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 को लेकर दर्शकों की धड़कने तेज हो गई है। मेकर्स में फैंस का एक्साइटमेंट बनाए रखने के लिए एक-एक कर शो का प्रोमो जारी कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 का अब एक और वीडियो रिलीज किया गया है, जो आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यहां तक कि पिछले सीजन के विनर एल्विश यादव ने भी वीडियो पर कमेंट किया है। जियो सिनेमा का विवादित शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का आगाज हो गया है। नए होस्ट अनिल कपूर ने मेजबानी की गद्दी भी संभाल ली है। इसके साथ ही वो कंटेस्टेंट्स के नामों का खुलासा करना भी शुरू कर दिया है। मेकर्स ने बिग बॉस ओटीटी 3 का नया प्रोमो शेयर किया है जिसमें दो नामी इन्फ्लुएंसर नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 में इस बार सलमान खान की जगह अनिल कपूर होस्टिंग की कुर्सी संभालते हुए नजर आएंगे। शो में एंटरटेनमेंट का तड़का में एक्टर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब उन्होंने आते ही दो कंटेस्टेंट्स की भिड़ंत करवा दी। बिग बॉस ओटीटी 3 में एक- एक कर कंटेस्टेंट्स के आने का दौर शुरू हो गया है। इस लिस्ट में अब दो पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पहुंचे। शो के लेटेस्ट प्रोमो में अनिल कपूर कंटेस्टेंट विशाल पांडे को इंट्रोड्यूस करते हुए दिखाई दिए। विशाल से अनिल कपूर ने कहा कि आपके 9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मैं अब यहां आपका एक कॉम्पिटिशन बुलाता हूं। अनिल कपूर स्टेज पर दूसरे कंटेस्टेंट के तौर पर लव कटारिया को बुलाते हैं। इसके बाद वो विशाल पांडे से पूछते हैं कि क्या आप फॉलो करते हैं इन्हें ? जवाब में विशाल कहते हैं- नहीं, लेकिन देखा है मैंने इन्हें। वहीं, लव कटारिया ने कहा- मैं इनका कंटेंट तीन सेकेंड देखकर स्किप कर देता हूं। इसके बाद अनिल कपूर ने लव से पूछा कि आपके कितने फॉलोअर्स हैं? लव ने कहा- 1.9 मिलियन। दोनों के बीच मुकाबला देखकर अनिल कपूर ने भी मौके का फायदा उठाया और कहा- एक के 9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं, दूसरे के 1.9 मिलियन। अब देखते हैं कौन किस पर पड़ेगा भारी। बता दें कि लव कटारिया, एल्विश यादव के अच्छे दोस्त हैं। ऐसे में उन्होंने वीडियो पर कमेंट करते हुए कहा, कटारिया।



## जब 'मोगेम्बो' नहीं देख पाए सूरज की रोशनी, जानें बॉलीवुड के खूंखार विलेन का ये किस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**नई दिल्ली।** जब 'मोगेम्बो' नहीं देख पाए सूरज की रोशनी, जानें बॉलीवुड के खूंखार विलेन का ये किस्साबॉलीवुड में जब भी खलनायक की बात होती है तो उसका जिक्र अमरीश पुरी के नाम के बिना अधूरा होता है। उन्होंने अपने हर किरदार को इतनी खूबसूरती से निभाया कि आज भी उन्हें उन भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है। अमरीश पुरी के तमाम किरदारों में एक किरदार मोगैम्बो का था जिसमें ढलने के लिए उन्होंने डायलॉग से लेकर हर चीज पर बारीकि से काम किया। अमरीश पुरी ने अपने करियर में अधिकतर नेगेटिव रोल ही प्ले किए। सही मायनों में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में तब शुरुआत की, जब वह 39 साल के थे। आज उनकी 92वीं बर्थ एनिवर्सरी है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे उनसे जुड़ा एक रोचक किस्सा। 1970 में देव आनंद की फिल्म 'प्रेम पुजारी' रिलीज हुई, जिसके साथ ही इंडस्ट्री में एक नया चेहरा भी लॉन्च हुआ। इस मूवी में अमरीश पुरी का रोल कुछ खास तो नहीं था, लेकिन 'प्रेम पुजारी' ने उनके लिए बॉलीवुड में एक्टिंग की राह खोल दी। वह भी तब, जब एक्टिंग के जुनून को दिखाने के लिए अमरीश पुरी अच्छी खासी सरकारी नौकरी छोड़ कर आए थे। दमदार आवाज के लिए जाने जाते थे अमरीश पुरी 22 जून, 1932 को पंजाब में जन्में अमरीश पुरी ने अपने करियर में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्होंने कई मूवीज में पिता का भी रोल किया, लेकिन विलेन बनकर उन्होंने अपने किरदारों की जो छाप छोड़ी, उसे कोई नहीं भूल सकता। चाहे दामिनी का 'इंद्रजीत सिंह चड्ढा' हो या नगीना का 'भैरोनाथ', अमरीश पुरी ने हर किरदार से खौफ भी पैदा किया और एंटरटेन भी किया। अमरीश पुरी की तमाम यादगार फिल्मों में एक मूवी 'मिस्टर इंडिया' थी। इस फिल्म में 'मोगैम्बो' का किरदार आज भी लोगों को भुलाए नहीं भुलता। जिस रोल के लिए अमरीश पुरी को हर ओर से तारीफें मिलीं, उसके लिए वह पहली पसंद थे ही नहीं। यहां तक कि ये रोल उन्हें उस वक्त ऑफर हुआ, जब अनुपम खेर (ंहर्ल्ज्स् खी) के साथ इसी रोल की 60 प्रतिशत शूटिंग हो चुकी थी। मेकर्स को अनुपम खेर के रूप में 'मोगेम्बो' में वो बात नजर नहीं आ रही थी, जो वह देखना चाहते थे। लिहाजा इतनी शूटिंग होने के बाद भी ये रोल अमरीश पुरी को मिला और उसके बाद की कहानी अपने आप में इतिहास है। मोगैम्बो' के किरदार में ढलने के लिए अमरीश पुरी ने इतनी मेहनत की कि उन्होंने कई दिनों तक सूरज की रोशनी ही नहीं देखी। वह शूटिंग में इतने व्यस्त रहते थे कि करीब 20 दिनों तक सूरज की रोशनी नहीं देख पाए थे। अमरीश पुरी ने 'मोगैम्बो' के रोल के लिए खूब मेहनत की थी। इतनी कि उसके संवाद के साथ ही कॉस्ट्यूम डिजाइन भी उन्होंने ही तय करवाया। ब्लैक आउटफिट में मोगैम्बो का पूरा लुक उन्होंने अपने डिजाइनर माधव के साथ मिलकर तैयार करवाया था। इसके साथ ही मोटी आइब्रो और बिना दाढी वाला लुक भी अमरीश पुरी का ही आइडिया था।



## सम्पादकीय

# कामकाजी पेशेवरों की सतर्कता को मिलती है धार

ज्यादा कॉफी से नींद भाग जाती है, आप कम सोते हैं। कम सोने से आप सुस्त बने रहते हैं। सुस्ती दूर करने के लिए आप फिर कॉफी पीते हैं और इस तरह कॉफी के दुश्चक्र में फंस जाते हैं। ज्यादा कॉफी से नींद भाग जाती है, आप कम सोते हैं। कम सोने से आप सुस्त बने रहते हैं। सुस्ती दूर करने के लिए आप फिर कॉफी पीते हैं और इस तरह कॉफी के दुश्चक्र में फंस जाते हैं। कॉफी पीने से नींद भाग जाती है। इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता यह जो नशा है, वह हमेशा फायदेमंद नहीं होता। दरअसल, हम जब दिन भर काम करते हैं, तो हमारा शरीर ज्यादा से ज्यादा एडेनोसिन रसायन का उत्पादन करता है। शरीर में यह रसायन जितना बढ़ता है, उतनी ही ज्यादा हमें नींद आती है। फिर जब हम सोते हैं, तो हमारा शरीर ऊर्जा का उपयोग करके एडेनोसिन के स्तर को कम कर देता है, जिससे हम हर सुबह तरो-ताजा होकर उठते हैं। न्यूरोसाइंस के जर्नल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जब हम



है। थकान दूर होती है और एकाग्रता भी बढ़ती है। जब बात अपनी प्रिय कॉफी की हो, तो व्यक्ति इसके सभी फायदे एक ही सांस में गिना जाता है। अमेरिका में मनुष्य के पोषण को लेकर एक सुपरस्टडी की गई, जिसमें भी कॉफी के कई फायदे गिनाए गए। इस अध्ययन के अनुसार, कॉफी पीने से कैंसर का खतरा दो से बीस फीसदी तक कम हो जाता है। हृदय रोग की आशंका पांच फीसदी तक कम हो जाती है। टाइप-2 मधुमेह और पर्किंसंस रोग की आशंकाएं भी करीब तीस फीसदी तक कम हो जाती हैं। इस रिपोर्ट में यह तक माना गया कि कॉफी पीने से व्यक्ति ज्यादा उम्र तक भी जीता है। यह सब सुनकर यकीनन आपको अच्छा लग रहा होगा, लेकिन अगर आप यह मानने लगे हो कि कॉफी अमृत है, तो थोड़ा संभलें। कॉफी के कुछ फायदे जरूर हैं, लेकिन इसके अति सेवन से नुकसान भी पहुंच सकता है। अति व्यस्त कामकाजी पेशेवर अपनी सतर्कता को धार देने के लिए कॉफी की मदद लेते हैं। लेकिन कॉफी का कैफीन पीते हैं, तो यह एडेनोसिन को अपना काम करने से रोकता है, यानी नींद को भगाता है। आप रात में सो नहीं पाते, जिससे दिन भर सुस्ती बनी रहती है। जब आप सुस्त होते हैं, तो आप फिर कॉफी पीना पसंद करते हैं। इस तरह, जब आप काफी मात्रा में कॉफी पीने लगते हैं, तो यह परेशानी का एक चक्र बन जाता है। ध्यान रखें कि नींद कम होने पर आने वाली सुस्ती को पूरी दुनिया की कैफीन मिलकर भी दूर नहीं कर सकती। मतलब, कॉफी और नींद के बीच यह अंतहीन लड़ाई की तरह है। कॉफी से मिलने वाली ऊर्जा कुछ राहत तो दिला सकती है, लेकिन कैफीन कभी भी प्राकृतिक ढंग से होने वाले लाभों की जगह नहीं ले सकती। अगर आप अच्छा नाश्ता करें, अच्छी नींद लें, व्यायाम करें और सुबह-सुबह करीब दस मिनट तक प्राकृतिक धूप का आनंद लें, तो आपको काफी कॉफी पीने की जरूरत ही नहीं होगी।

# भारत के सामने 'करीबी मित्र' बांग्लादेश से पास रखना चुनौती; दोनों पड़ोसियों को मिलकर काम करना चाहिए

भारत का दूसरा दौरा कर शेख हसीना ने संदेश दे दिया है। देखना यह है कि भारत राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बगैर बांग्लादेश को क्या दे सकता है।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पंद्रह दिनों के भीतर दूसरी बार भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी दोनों देशों के बीच रिश्ते?और मजबूत करना चाहते हैं। पर यह इस पर भी इसके पानी के समान बंटवारे की बांग्लादेश की पुरानी मांग है। लेकिन भारत इसे पूरा करने में असमर्थ रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल इससे सहमत नहीं है। इस बार भी समझौते की संभावना नहीं दिखती है। वर्ष 2026 में गंगा जल संधि खत्म हो जाएगी, जिसे परस्पर संतुष्टि के लिए फिर से नवीनीकृत किया जाना चाहिए। यदि भी संपर्क करेगा। हालांकि हसीना की इस यात्रा के दौरान किसी नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना नहीं है, पर ऐसी घोषणा संयुक्त विज्ञप्ति में की जा सकती है। भारत परस्पर लाभ के लिए निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने हेतु व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते का तेजी से क्रियान्वयन चाहता है अतिरिक्त, भारत का लक्ष्य समुद्री सहयोग को बढ़ाते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में 'सागर' परियोजना का विस्तार करना है। बांग्लादेश का लक्ष्य भूटान से अधिक जलविद्युत आयात करना है, जिसके लिए भारत की सहमति की आवश्यकता है। उम्मीद है कि भारत भूटान से बांग्लादेश तक बिजली पहुंचाने के



निर्भर करता है कि भारत बांग्लादेश को क्या दे सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और हसीना, दोनों दक्षिण एशियाई क्षेत्र की जटिल राजनीतिक व भू-राजनीतिक गतिशीलता से वाकिफ हैं, जिसमें क्वाड चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि चीन को अलग-थलग करने के लिए भारत ऐसे प्रस्ताव देगा, जिन्हें वह आसानी से मना नहीं कर पाएंगी। इससे हसीना को अगले महीने चीनियों से बातचीत में भी कुछ लाभ मिलेगा शेख हसीना ने चीन?के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास स्थगित कर दिया है। भारत रक्षा पर 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन चाहता है। हसीना ने तीस्ता नदी के विकास में वित्त पोषण और भागीदारी के चीन के प्रस्ताव को भी टाल?दिया। समझौते के अनुसार, भारत इसमें चूक जाता है, तो चीन को बांग्लादेश को अपने पाले में लाने की कोशिश करने का मौका मिल जाएगा। इसलिए भारत को अपने 'सबसे करीबी' और 'मित्रवत' पड़ोसी की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहिए। भारत और बांग्लादेश, दोनों के पास दीर्घकालिक दृष्टिकोण हैं, जिसे पूरा करने के लिए सहयोग की जरूरत है। भारत 2047 तक 'विकसित' राष्ट्र बनना चाहता है और बांग्लादेश, 'स्मार्ट' राष्ट्र। आर्थिक विकास व सामाजिक सामंजस्य दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं। मनुष्यों (कथित अपराधियों समेत), मवेशियों, हथियारों और नशीले पदार्थों की सीमा पार अवैध आवाजाही पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। बांग्लादेश को भारत से ऋण की उम्मीद?है। इसके लिए वह चीन से वर्ष 2010 से भारत ने बांग्लादेश को 7.36 अरब डॉलर का ऋण देने का वादा किया है। बांग्लादेश इस साल अप्रैल तक केवल 1.73 अरब डॉलर या वादे का 23 प्रतिशत ही उपयोग कर पाया है। मौजूदा भारतीय क्रेडिट लाइन की शर्तें बहुत सख्त हैं। जैसे, हर परियोजना के लिए लगभग 65-75 प्रतिशत सामान या सेवाएं भारत से खरीदी जानी चाहिए, जिससे परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हो रही है। हसीना ने सोनादिया बंदरगाह को विकसित करने के चीनी प्रस्ताव पर कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत इसकी भरपाई करेगा। भारत एक नई द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए उत्सुक है, और मोंगला समुद्री बंदरगाह में व्यापक भूमिका निभाना रहा है। हिंद-प्रशांत तक विस्तारित एक नया समुद्री मार्ग भी एजेंडे में है इसके लिए अपने क्षेत्र के इस्तेमाल पर सहमत हो सकता है। दोनों देशों के बीच सार्वजनिक परिवहन के लिए फेनी मोइत्री (मैत्री) पुल का जल्द उद्घाटन करने और रामपाल मोइत्री बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई खोलने के लिए चर्चा चल रही है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों परियोजनाओं को प्रतीकात्मक रूप से खोले जाने की उम्मीद है। दक्षिण त्रिपुरा जिले में भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाले मैत्री सेतु के माध्यम से यात्री आवागमन इस साल सितंबर तक शुरू होने वाला है। इसमें शामिल जटिलताओं को देखते हुए शेख हसीना ने प्रधानमंत्री मोदी को बांग्लादेश आने का निमंत्रण दिया है। उस यात्रा के दौरान इनमें से कुछ मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जाहिर है, दोनों पड़ोसियों को मिलकर काम करना चाहिए, चाहे चीन का प्रभाव हो या न हो।

# क्या यह सिर्फ परिवार का झगड़ा है

जब भी भाजपा की स्थिति थोड़ी कमजोर होती है, आलोचक संघ-भाजपा के बीच सत्ता-संघर्ष की कहानी गढ़ने लगते हैं। लेकिन, मोदी संघ का मुखौटा नहीं हैं और संघ भी भीतर से जानता है कि मोदी उसकी विचारधारा के सबसे अच्छे उत्पादों में से हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच क्या गड़बड़ हुई है? वैसे तो कुछ खास नहीं है, लेकिन शायद संघ को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व ने नुकसान पहुंचाया है और वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने भाजपा के कई उम्मीदवारों के बारे में चेतावनियों की अनदेखी की, जिसके कारण वे हार गए, खासकर उत्तर प्रदेश में। इसके अलावा, कहा गया है कि मोदी ने पिछले सात-आठ साल से संघ के नेताओं से सलाह लेना भी बंद कर दिया है। मोदी की विराट शख्सियत ने संघ नेताओं के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं छोड़ी कि वे कोई मुद्दा उनके सामने उठाएं। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत सिलसिला यहीं नहीं रुका। संघ नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि भगवान राम ने एक 'अहंकारी' पार्टी को लोकसभा में बहुमत पाने से रोक दिया, जो 'रामभक्त' होने का दावा करती थी। फिर एक संघ विचारक रतन शारदा ने संघ के मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में लिखा कि चुनावी नतीजे अति आत्मविश्वासी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए 'रियलिटी चेक' थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेतृत्व ने चुनाव में सहयोग के लिए संघ के स्वयंसेवकों से संपर्क नहीं किया। संघ के कई नेता भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से नाराज थे, जिन्होंने चुनाव से पहले कहा था कि भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। उनका मानना था कि इससे संघ कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है ।देखा जाए तो प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के विपरीत मोदी को पिछले दस वर्षों में संघ से कोई बड़ी समस्या नहीं हुई। उन्होंने संघ और भाजपा के लक्ष्यों को पूरा किया, जिनमें अनुच्छेद 370 हटाना और अयोध्या



ने लोकसभा में भाजपा के बहुमत हासिल नहीं करने पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि एक सच्चे सेवक को 'अहंकार' नहीं होना चाहिए?और?दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना अपना काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि तीखे चुनाव प्रचार के दौरान 'मर्यादा का ख्याल नहीं रखा गया।' हालांकि संघ के भीतर के कई लोगों ने संकेत देने की कोशिश की कि उनकी टिप्पणियां केवल मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर ही नहीं थीं। आम तौर पर संघ रोजमर्रा के राजनीतिक मामलों से दूर दिखना चाहता है और वह 2025 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर अपना जनाधार बढ़ाने में व्यस्त है। कुछ संघ कार्यकर्ता राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय संगठन सचिव या संयुक्त संगठन सचिव के रूप में भाजपा के लिए काम करते हैं। ये कार्यकर्ता पूर्णकालिक होते हैं और उन्हें 'प्रचारक' कहा जाता है। मोदी स्वयं संघ के प्रचारक थे और भाजपा संगठन में सचिव के पद पर थे। भाजपा और संघ के बीच प्रकटतः न तो हितों का टकराव रहा है और न ही सत्ता संघर्ष रहा है, क्योंकि वे अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। बताया जाता है कि संघ नेतृत्व?समझता है कि राजनीति की अपनी मजबूरियां होती हैं और भाजपा उनका पालन करने के लिए स्वतंत्र है। संघ न तो शासन-प्रशासन और न ही भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों में दखल देने की बात कहता है। केंद्रीय भाव यह है कि वह वैचारिक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है और आगे भी निभाता रहेगा। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान संघ ने चुप्पी साधे रखी, जबकि ऐसी खबरें भी आईं कि प्रचारक मतदाताओं को एकजुट करने में उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। हालांकि भाजपा के बहुमत से चूक जाने के तुरंत बाद आलोचनात्मक स्वर उभरे। भागवत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब इस बात को लेकर काफी चर्चा हो रही है कि क्या संघ ने वास्तव में भाजपा से दूरी बना ली है और चुनाव के दौरान दिल से उसका समर्थन नहीं किया? नतीजों के बाद अपनी पहली टिप्पणी में संघ प्रमुख ने प्राथमिकता के आधार पर मणिपुर संघर्ष खत्म करने और?सरकार तथा विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर बल दिया था। आलोचनाओं का यह में राम मंदिर का निर्माण जैसे बड़े मुद्दे शामिल हैं। वाजपेयी के 'उदारवादी' रवैये पर केएन गोविंदाचार्य ने टिप्पणी करते हुए उन्हें संघ का मुखौटा कहा था, (हालांकि वह लगातार इस बयान से इन्कार करते रहे)। जाहिर है, वाजपेयी ने उस टिप्पणी के लिए गोविंदाचार्य को कभी माफ नहीं किया और धैर्यपूर्वक सही समय का इंतजार किया। और फिर, गोविंदाचार्य को इस तरह निर्वासित कर दिया कि वे कभी वापस नहीं आए। लेकिन मोदी संघ का मुखौटा नहीं हैं।?वास्तव में वे संघ की विचारधारा के सबसे अच्छे उत्पादों में से एक हैं। साथ ही, मोदी एक ऐसे नेता हैं, जो 2024 के नतीजों को भूलने वाले नहीं हैं। वे विस्तार से पता लगाएंगे कि नतीजे भाजपा के लिए अच्छे क्यों नहीं रहे। इसलिए गहनता से देखें, तो मोदी और संघ के बीच कोई मूलभूत द्वैध नहीं है। 1980 के दशक में संघ ने मोदी को भाजपा को सौंपा था और वह प्रधानमंत्री बने। हां, यह जरूर है कि भाजपा के साथ?मोदी की छवि 'लार्जर देन लाइफ' है। ऐसे में, भले ही भाजपा लोकसभा में बहुमत पाने से चूक गई हो, लेकिन पार्टी पर उनकी पकड़ और मतदाताओं पर उनके प्रभाव को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। दरअसल, जब भी भाजपा की स्थिति थोड़ी कमजोर होती है, तो बाहर-भीतर के आलोचक संघ-भाजपा के बीच सत्ता-संघर्ष की काल्पनिक कहानी गढ़ने लगते हैं। संघ अपने 36 संगठनों के माध्यम से 60,000 दैनिक शाखाएं और दो लाख से ज्यादा कल्याणकारी परियोजनाएं चलाने में व्यस्त है। वह 2025 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आधार मज़बूत करने में जुटा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की संख्या काफी बढ़ गई है और इसमें नेताओं की एक बड़ी जमात है। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, मोदी जैसे मजबूत नेता के नेतृत्व में पार्टी खुद को संभालने में सक्षम है और आने वाले दिनों में पार्टी को अपनी दिशा खुद तय करनी है। चुनाव नतीजों के कारण अगर कुछ सुधार की जरूरत पड़ी, तो वह भाजपा खुद करेगी। मोदी इतने सख्त हैं कि खुद के साथ-साथ विफलताओं के लिए जिम्मेदार हर तत्व को कसौटी पर कसेंगे। अंततः जो लोग संघ-भाजपा में सत्ता संघर्ष की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें निराशा होगी।


# जनजातीय हितों की अनदेखी न हो

लद्दाख में करीब 90 फीसदी?जनसंख्या जनजातियों की है, जिन्हें पर्यावरण संकटों के साथ विस्थापन का दर्द भी झेलना की है। इनमें गुज्जर, बकरवाल, बोट, चंगपा, बाल्टिस और पुरिगपा जनजातियां प्रमुख हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और संघर्ष के कारण इन्हें के प्रशासन के लिए संविधान ने संघ को अनुच्छेद 244 में उत्तरदायी बनाया है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें राष्ट्रपति उस राज्य के राज्यपाल से असम, मेघालय और मिजोरम में तीन-तीन और त्रिपुरा में एक शामिल है। प्रत्येक स्वायत्त जिले के लिए एक स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) की विस्तार) अधिनियम पारित किया गया, जिसमें अनुसूचित क्षेत्रों में बस्ती स्तर की ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने का उल्लेख है। प्रश्न यह है कि लद्दाख राजनीतिक ढांचा बनाया गया है, उसमें राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता, क्योंकि इनकी पहचान की




पड़ा।बाजारवाद और भौतिकता के दौर में अगर स्थिरता के साथ विकास करना है, तो प्रकृति के साथ-साथ संस्कृति का संरक्षण भी अनिवार्य है। लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग की वजह भी यही है। वहां के लोगों का मानना है कि लद्दाख के प्राकृतिक पर्यावरण और जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए स्थानीय परिषदों को स्वायत्तता मिलनी चाहिए, अन्यथा बाह्य हस्तक्षेप से लद्दाख की विशिष्ट संस्कृति के क्षरित हो जाने की आशंका बनी रहेगी। लद्दाख में?करीब 90 फीसदी?जनसंख्या जनजातियों विस्थापित होना पड़ा है, जिससे इन्हें सांस्कृतिक विलगाव और सामाजिक-आर्थिक बहिष्करण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है। लद्दाख में पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हैं। वर्ल्ड वेदर ऑनलाइन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण लद्दाख में वर्षा चक्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। लद्दाख के चट्टानी इलाके में बारिश के पानी के संग्रहण की कोई प्राकृतिक व्यवस्था नहीं है। इसलिए यह इसे बाढ़ के रूप में नीचे की ओर धकेलता है। समझना होगा कि लद्दाखवासियों के लिए छठी अनुसूची क्यों जरूरी है? अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों परामर्श के बाद अनुसूचित क्षेत्र घोषित कर सकते हैं। इसके लिए पांचवीं अनुसूची बनाई गई है, जबकि, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के वे क्षेत्र, जो ऐसे क्षेत्रों के लिए जिला या क्षेत्रीय स्वायत्त परिषदों का प्रावधान करते हैं, जनजातीय क्षेत्र कहलाते हैं। ये चार राज्य छठी अनुसूची में रखे गए हैं। छठी अनुसूची में स्वायत्त परिषदों की स्थापना का प्रावधान है, जिनके पास इन क्षेत्रों पर स्वतंत्र रूप से शासन करने के लिए विधायी, न्यायिक, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियां होती हैं। छठी अनुसूची के तहत 10 स्वायत्त परिषदें हैं, जिनमें स्थापना की जाती है, जबकि क्षेत्रीय परिषदों (आरसी) की स्थापना वहां की जाती है, जहां मुख्य जनजाति के अलावा अन्य जनजातियों की महत्वपूर्ण आबादी होती है पांचवीं अनुसूची उस राज्य के राज्यपाल को, जहां अनुसूचित क्षेत्र स्थित हैं, संसद या विधानसभा द्वारा पारित किसी भी कानून को रोकने या संशोधित करने और उन क्षेत्रों में सुशासन के लिए कानून बनाने की शक्ति प्रदान करती है। इसमें राज्यपाल को सलाह देने के लिए जनजातीय सलाहकार परिषदों की भी स्थापना का प्रावधान है। 1996 में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक पांचवीं अनुसूची के बदले छठी अनुसूची में शामिल क्यों होना चाहता है। जम्मू-कश्मीर के 2019 में पुनर्गठन के पहले लद्दाख को अनुच्छेद 370 और 35-ए के तहत विशेष संरक्षण प्राप्त था। पांचवीं अनुसूची के क्षेत्र बिना किसी विधायी शक्ति के पंचायती राज और जिला परिषद द्वारा शासित होते हैं, वहीं छठी अनुसूची में क्षेत्रों की देखरेख स्वायत्त जिला परिषदों द्वारा की जाती है। लद्दाख में पहले से ही स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदें हैं और उन्हें छठी अनुसूची में एकीकृत करने से उन्हें समान शक्तियां मिलेंगी। भारत के संविधान में जिस प्रकार का रक्षा कर ही राष्ट्र की अखंडता को सुरक्षित रखा जा सकता है। भारत में संघ शासित क्षेत्रों के गठन का आधार मूलतः सांस्कृतिक रहा है। हालांकि कई ऐसे क्षेत्रों की स्थापना सांस्कृतिक कारकों के साथ-साथ अन्य कारकों के आधार पर भी की गई है जैसे, दिल्ली (राजनीतिक), पुदुचेरी (भौगोलिक) आदि। लद्दाख की संस्कृति की रक्षा तो महत्वपूर्ण है ही, यह क्षेत्र सामरिक अथवा राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में यहां विरोध प्रदर्शन की गंभीरता पर अवश्य विचार किया जाना चाहिए।

# स्पोर्ट्स



मैं कोई हेडलाइन नहीं देना एमएस धोनी की कप्तानी पर बड़ा बयान दे गए गौतम गंभीर




## एमएस धोनी हैं यारों के यार, दोस्त के जन्मदिन पर माही ने की खूब मस्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर रहें या न रहें उनकी चर्चा हमेशा ही होती है। अब उनका एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह जन्मदिन पार्टी में अपने दोस्त के घर पहुंचे हुए हैं। इस वीडियो में दोस्त की फैमली के अलावा कुछ पुराने दोस्त भी शामिल हुए। एमएस धोनी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी में पुराने दोस्तों के साथ हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को खूब पसंद किया जा रहा है। बता दें कि आईपीएल 2024 के खत्म होने के तुरंत बाद ही धोनी रांची लौट आए थे। उनका बाइक राइड करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। आईपीएल 2024 को खत्म हुए लगभग एक महीने हो चुके है। चेनन्ई सुपर किंग्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई थी और प्वाइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर रही। नॉक आउट मुकाबले में सीएसके को आरसीबी से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद ही महेंद्र सिंह धोनी रांची लौट आए थे। यहां आकर उन्होंने बाइक राइड का आनंद लिया था। इसका भी वीडियो वायरल हुआ था। अब एक और वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वह अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी में दिखाई दे रहे है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को खूब लाइक किया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में फादर्स डे पर धोनी की बेटी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में धोनी अपने फॉर्म हाउस पर अपने डॉग के साथ मस्ती करते हुए दिखाई दिए थे।



## आईसीसी की प्लानिंग दर्शकों के लिए बनी सिरदर्द, मैच टिकट तो मिले पर फ्लाइट टिकट का रोना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विश्व कप प्लानिंग



दर्शकों के लिए सिरदर्द बन गई है। आईसीसी ने शुरुआत में टिकट निकाले और जिनको लाटरी के जरिये टिकट मिल गए वे खुद को खुशकिस्मत समझने लगे लेकिन जल्द ही उनको अपनी किस्मत पर रोना आने लगा क्योंकि उनको मैच टिकट तो मिल गई लेकिन एक टापू से दूसरे टापू पर जाने के लिए फ्लाइट टिकट नहीं मिल रही। भारतीय दर्शकों का बुरा हाल है। वे ही अपनी टीम का मैच देखने के लिए सफर करते हैं। अमेरिका में भारत के मैचों की टिकट महंगी थी तो वहां रहने वाले भारतीयों ने वेस्टइंडीज में मैच देखने के साथ घूमने की योजना बनाई थी। वेस्टइंडीज में भारत के मैचों की टिकट अमेरिका के मुकाबले काफी सस्ती हैं और आसानी से मिल भी गईं लेकिन यहां दूसरी समस्या उत्पन्न हो गई। भारतीय दर्शकों का ज्यादा बुरा हाल है क्योंकि वे ही अपनी टीम का मैच देखने के लिए ज्यादा सफर करते हैं। अमेरिका में भारत के मैचों की टिकट बहुत महंगी थी तो वहां रहने वाले भारतीयों ने वेस्टइंडीज में मैच देखने के साथ घूमने की योजना बनाई थी। वेस्टइंडीज में भारत के मैचों की टिकट अमेरिका के मुकाबले काफी सस्ती हैं और आसानी से मिल भी गईं लेकिन यहां दूसरी समस्या उत्पन्न हो गई। न्यूयार्क से बारबाडोस और बारबाडोस से एंटीगुआ पहुंची सिमरन ने कहा कि मुझे भारत के सुपर-8 के तीनों मैच के टिकट मिल गए थे। मैं न्यूयार्क से बारबाडोस और बारबाडोस से एंटीगुआ तो पहुंच गई लेकिन सेंट लूसिया नहीं पहुंच पाऊंगी। भारत को शनिवार को एंटीगुआ में बांग्लादेश और सोमवार को सेंट लूसिया में आस्ट्रेलिया से भिड़ना है। मेरे पास मैच टिकट हैं लेकिन इन छोटे-छोटे देशों के बीच उतनी फ्लाइट ही नहीं हैं कि इतने सारे लोग इधर से उधर जा पाएं। अमेरिका में भारतीय टीम का कार्यक्रम अच्छा था लेकिन यहां पर हर दूसरे दिन मैच है। ऐसे में मैच के अगले दिन फ्लाइट टिकट सोल्ड आउट हैं। वहीं फ्लोरिडा से यहां आने वाले राकेश ने कहा कि मुझे एंटीगुआ से सेंट लूसिया जाने की फ्लाइट मिल गई है लेकिन उसमें मेरा कचूमर निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैच खत्म होते ही मैं एयरपोर्ट भागूंगा और वहां से बारबाडोस की फ्लाइट पकड़ूंगा। इसके बाद बारबाडोस से पोर्ट आफ स्पेन और पोर्ट आफ स्पेन से सेंट लूसिया पहुंचूंगा। हालांकि मुझे सेंट लूसिया से गुयाना की फ्लाइट नहीं मिली है। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसका मुकाबला 27 जून को गुयाना में खेला जाएगा। इस समय सेंट लूसिया से गुयाना पहुंचना नामुमकिन है। ये सब द्वीप हैं और यहां से एक-दूसरे देश जाने के लिए दो ही हवाई और जल मार्ग से ही जा सकते हो। फ्लाइट सारी सोल्ड आउट हैं और जल मार्ग से जाने में आप मैच के बाद पहुंचोगे।

## ऐडन मार्करम का वो कैच जिसने पलट दी बाजी, आखिरी ओवर की पहली गेंद पर हैरी ब्रूक को किया चलता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ऐडन मार्करम ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में साउथ अफ्रीका को मैच का रुख बदलने वाला मौका दिया, जब उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे हैरी ब्रूक का जबरदस्त कैच लपका। यही वो पल था जब मैच साउथ अफ्रीका की तरफ मुड़ गया। आखिरी में इंग्लैंड को मुंह की खानी पाड़ी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 का पांचवां मुकाबला इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया। साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को 7 रन से हराकर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए 14 रन बनाने थे और क्रीज पर सेट बल्लेबाज हैरी ब्रूक मौजूद थे। 20वें ओवर की पहली गेंद पर मार्करम ने शानदार कैच पकड़ कर हैरी ब्रूक को पवेलियन भेजा पकड़ो कैच जीतो मैच' कहावत साउथ अफ्रीका के लिए सच साबित हुई। शुक्रवार को सेंट लूसिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 मुकाबले में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराया। ऐडन मार्करम ने अंतिम ओवर में शानदार कैच लपका और शानदार फॉर्म में चल रहे हैरी ब्रूक को आउट कर मैच को अंग्रेज टीम से छीन लिया। ब्रूक प्रोटियाज के खिलाफ अच्छी फॉर्म में दिखे और उन्होंने लियाम लिविंगस्टन के साथ 42 गेंद पर 78 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके इंग्लैंड को 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिर से पटरी पर ला दिया था। लिविंगस्टन 17 गेंद पर 33 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन ब्रूक ने तेज से अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 14 रन चाहिए थे। क्रीज पर सेट बल्लेबाज हैरी ब्रूक और सैम करन मौजूद थे। गेंद एनरिक नॉखिन्या के हाथ में थी। पहली गेंद पर हैरी ब्रूक ने चिप शॉट खेला और गेंद मिड-ऑफ की तरफ गई।



## आखिरी ओवर में विकेट लेकर एनरिक नॉर्खिया ने रचा इतिहास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ग्रीम स्वान का रिकॉर्ड तोड़ बने नंबर-1टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 के पांचवें मैच में साउथ अफ्रीका ने आखिरी ओवर में इंग्लैंड पर रोमांचक जीत दर्ज की। अंतिम ओवर में एनरिक नॉर्खिया ने अनुभव का उपयोग करते हुए 14 रन का बचाव किया। साथ ही एक विकेट लेकर डेल स्टेन का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके अलावा 16 मैच में लगातार कम से कम एक विकेट लेकर ग्रीम स्वान को पीछे छोड़ दिया है। एक समय हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टोन ने 78 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका से मैच छीन लिया था। हालांकि, 18वें ओवर में रबाडा ने लियाम लिविंगस्टन को आउट कर साउथ अफ्रीका के लिए एक मौका बनाया। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर हैरी ब्रूक का विकेट लेकर एनरिक नॉखिन्या ने इंग्लैंड की ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। इस विकेट के साथ एनरिक नॉखिन्या टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने दिग्गज गेंदबाज डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया। डेन स्टेन ने टी20 वर्ल्ड कप में 30 विकेट लिए थे। वहीं, एनरिक नॉखिन्या के नाम 16 मैच में 31 विकेट दर्ज हो गए हैं। यही नहीं एनरिक नॉखिन्या के उस एक विकेट ने टी20 वर्ल्ड कप में खेले गए हर मैच में कम से कम एक विकेट लेने के अपने लंबे समय से चले आ रहे कमाल को जारी रखा। नॉखिन्या ने अब टूर्नामेंट में कम से कम लगातार 16 पारियों में विकेट लेकर इस लिस्ट में नंबर-1 बन गए हैं। इस मामले में ग्रीम स्वान को पीछे छोड़ा।



## वेस्टइंडीज टीम में शामिल हुआ यह खौफनाक बल्लेबाज, अपनी पावर हिटिंग से बनेगा गेंदबाजों के लिए काल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज टीम में शामिल हुआ यह खौफनाक बल्लेबाज, अपनी पावर हिटिंग से बनेगा गेंदबाजों के लिए काल!वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। किंग को सुपर-8 के दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ साइड स्ट्रेन की चोट के चलते रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। अब वेस्टइंडीज ने उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा की है। आईसीसी की अनुमति के बाद वेस्टइंडी टीम में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स को टीम में शामिल किया गया है। ने अपने एक बयान में बताया कि मौजूदा ऊ20 वर्ल्ड कप 2024 की इवेंट तकनीकी समिति ने वेस्टइंडीज टीम में ब्रैंडन किंग की जगह बाएं हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। मेयर्स के शनिवार को टीम में शामिल होने की उम्मीद ह बता दें कि सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना इंग्लैंड से हुआ। किंग 12 गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे थे। पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर वह सैम करन की गेंद पर मिड-ऑफ की ओर शॉट खेलते समय चोटिल हो गए। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए और दोबारा बल्लेबाजी करने नहीं आए बता दें कि काइल मेयर्स ने अब तक 37 टी20घ् मैच खेले हैं। इस दौरान 21.38 की औसत से 727 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 140.38 है और उन्होंने अब तक टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में तीन अर्धशतक लगाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में मेयर्स वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरॉन हेटमायर, शाई होप, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, काइल मेयर्स, ओबेय मैकोय।



## राशिफल

**मेष-:**स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-:**आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:**जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें ़ से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:**आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:**आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:**किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:**आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:**आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-:**खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:**आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-:**आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## मैं कोई हेडलाइन नहीं देना एमएस धोनी की कप्तानी पर बड़ा बयान दे गए गौतम गंभीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के हेड कोच की रेस में आगे चल रहे गौतम गंभीर ने एमएस धोनी की कप्तानी को लेकर बड़ा बयान दिया है। केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर ने कहा कि उन्होंने एमएस धोनी की कप्तानी में अपने खेल का बहुत आनंद लिया है। इतना ही नहीं उन्होंने एमएस धोनी की तारीफों के पूल भी बांधे। कोलकाता में एक इवेंट के दौरान गौतम गंभीर ने एमएस धोनी की कप्तानी की तारीफ की। धोनी की कप्तानी में खेलने को लेकर गौतम गंभीर ने कहा कि वह उनके क्रिकेट के बेहतरीन सालों में से था। उन्होंने कहा कि वह एमएस धोनी की ही कप्तानी में लंबे समय तक क्रिकेट का आनंद लिया। इतना ही नहीं गौतम गंभीर ने तीन अन्य कप्तानों पर भी बात की दरअसल, गौतम गंभीर कोलकाता में आयोजित एक इवेंट में हिस्सा लेने के लिए गए थे। यहां उनसे एमएस धोनी की कप्तानी में उनके क्रिकेट करियर को लेकर सवाल पूछा गया। इस गंभीर ने एमएस धोनी की खूब तारीफ की। गंभीर ने स्वीकार किया कि धोनी की कप्तानी में उन्होंने अपने बेहतरीन क्रिकेट खेला। गंभीर ने कहा, यह एक विवादास्पद सवाल है। मैं ईमानदारी कहूं तो कोई हेडलाइन नहीं देना चाहता, हर किसी की अपनी ताकत और कमजोरियां थीं। मैंने राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टेस्ट और सौरव गांगुली की कप्तानी में वनडे डेब्यू किया था। गंभीर ने आगे कहा, अनिल कुंबले की कप्तानी में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और एमएस धोनी की कप्तानी में मेरा अच्छा फेज था। सबसे लंबे समय तक मैंने एमएस की कप्तानी में खेला। मुझे एमएस के साथ खेलने और जिस तरह से उन्होंने टीम की कप्तानी की उसका खूब आनंद लिया। गौरतलब हो कि धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 वर्ल्ड कप और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। उस वक्त गौतम गंभीर टीम का हिस्सा थे। 2007 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में गंभीर ने पाकिस्तान के खिलाफ 75 रन की पारी खेली थी। वहीं, 2011 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में गंभीर ने 97 रन बनाए थे।






# कैदियों पर करता था निर्मम हमला, बच्चों को दिए दर्दनाक इंजेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बंदी बनाए हुए कैदियों पर जर्मन चिकित्सक कई तरह के दर्दनाक एक्सपेरिमेंट किया करते थे। ये एक्सपेरिमेंट खासकर बच्चों और महिलाओं पर किए जाते थे। नाजी आर्मी की तरफ से ये अभियान इंसानों पर किए गए सबसे क्रूरतम प्रयोग में से एक है। इनमें एक ऐसा भी डॉक्टर था, जो कैदियों पर निर्मम हमले करता था और इसे 'एंजल ऑफ डेथ' के नाम से भी जाना जाता था। डॉक्टर का नाम जोसेफ मेंगले था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी आर्मी की तरफ से एक अभियान चलाया गया था। ये अभियान इंसानों पर किए गए सबसे क्रूरतम प्रयोग में से एक है। आर्मी में एक जोसेफ मेंगले नाम का डॉक्टर था जो बच्चों और महिलाओं पर क्रूर हमले करता था। इस वजह से इसे एंजल ऑफ डेथ कहा जाता था। उन्होंने मेडिकल और मानव विज्ञान की पढ़ाई की है। जोसेफ मेंगले को मौत का दूत के नाम से जाना जाता था। जोसेफ मेंगले को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ऑशविट्ज कैंप में उनके अत्याचारों



के लिए याद किया जाता है। नाजी यातना शिविर में कैदियों पर घातक हमला करने के वजह से उन्हें मौत का दूत कहा जाता है। जोसेफ मेंगले को नाजी यातना शिविर में कैदियों पर घातक प्रयोग करने के लिए ये नाम मिला। बता दें कि उनका जन्म साल 1911 में 16 मार्च को जर्मनी के गुंजबर्ग में हुआ था उन्होंने म्यूनिख विश्वविद्यालय में मेडिकल और मानव विज्ञान की पढ़ाई की है और 1935 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। जोसेफ मेंगले के कामों में अत्यधिक क्रूरता दिखाई देती थी और वैज्ञानिक मूल्य की कमी थी, जिस वजह से वो ज्यादा पॉपुलर नहीं हुए। वो विशेष रूप से जुड़वा बच्चों पर ध्यान केंद्रित करते थे, उनका मानना था कि इस पर रिसर्च करने से नाजी मान्यताओं के लिए उपयोगी जेनेटिक जानकारी सामने आ सकती है। बच्चों और युवाओं पर इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जाता था। इंजेक्शन की ये प्रक्रिया काफी दर्दनाक होती थी जिससे कई मौतें हुई है। यहां तक कि उन्होंने इंजेक्शन के जरिए आंखों का रंग बदलने की भी कोशिश की। ये प्रयोग पीडि़तों की सहमति के बिना किए गए थे।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से अब तक 50 लोगों की मौत, 117 का चल रहा इलाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कल्लुकुरिची।** तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री और डीएमके नेता सुब्रमण्यम मा ने कहा




कि 19 जून को हुई कल्लुकुरिची शराब त्रासदी में मेथनॉल युक्त जहरीली शराब पीने से अब तक 50 लोगों की मौत हो गई है। तमिलनाडु में जहरीली शराब से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 40 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुब्रमणयम ने कहा कि कुल 185 लोगों को चार सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था जिनमें से 117 का इलाज चल रहा है। सरकार ने 10 लाख की सहायता राशि देने का एलान किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कल्लुकुरिची शराब त्रासदी के पीडि़तों से मुलाकात की और उन्हें दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। सुब्रमणयम ने कहा कि कुल 185 लोगों को चार अस्पतालों, कल्लुकुरिची अस्पताल, पुडुचेरी में जेआईपीएमईआर अस्पताल, सलेम सरकारी अस्पताल और विलुप्पुरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 117 का इलाज चल रहा है। अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना में त्वरित कार्रवाई की है। आज हमने पुडुचेरी के जिपमर अस्पताल, सलेम अस्पताल और कल्लुकुरिची अस्पताल में भर्ती लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

# तुर्किये में भारत के राजदूत वीरेंद्र पॉल का निधन, एस जयशंकर ने जताया शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तुकिन्ये में भारत के राजदूत वीरेंद्र पॉल का निधन, एस जयशंकर ने जताया शोक, बोले- उनका जाना



भारतीय विदेश सेवा के लिए बड़ी क्षति तुर्की में भारत के राजदूत वीरेंदर पॉल का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को दिल्ली में निधन हो गया। वीरेंदर पॉल के निधन को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शोक जताया और कहा कि पॉल की मौत को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने शुक्रवार शाम दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने ट्वीट किया कि तुकिन्ये में भारत के दूत, राजदूत वीरेंद्र पॉल के असामयिक निधन पर हमें गहरा दुख हुआ है। एक समर्पित अधिकारी, उन्हें उनके असाधारण मानवीय गुणों और प्रभावशाली पेशेवर योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। इस कठिन घड़ी में टीम विदेश मंत्रालय उनके साथ खड़ी है। उनके एक सहकर्मी ने बताया कि 1991 बैच के आईएफएस अधिकारी पॉल डेढ़ साल से अधिक समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। पॉल के परिवार में उनकी पतनी राचेलिन और दो बेटियां हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा0लि0 1- मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज (उ.प्र.) 211008 से मुद्रित एवं सी- आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसा नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।